संख्या-26/2015/1011/58-2-2015-900(33)/2014

प्रेषक,

विजय प्रताप सिंह,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

खाद्य प्रसंस्करण अनुभाग **लखनऊ-दिनांक: 08 दिसम्बर, 2015**

विषय:-राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन की योजनान्तर्गत मै0 अजन्ता राज प्रोटीन्स लि0, 41/4-ए, फ्रैण्डस टावर, संजय प्लेस आगरा के दुग्ध प्रसंस्करण इकाई के विस्तारीकरण हेतु स्वीकृत प्रस्ताव के अनुदान की द्वितीय किश्त की धनराशि रू0-17.03 लाख अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-खा0प्र0-1452/खा0प्र0मिशन/210/15-16, दिनांक 09 अक्टूबर, 2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-431/58-2-2013-17/13, दिनांक- 08.08.2013 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन स्टेट लेबल इम्पावर्ड सब कमेटी की बैठक दिनांक: 20-1-2014 द्वारा मै0 अजन्ता राज प्रोटीन्स लि0, 41/4-ए, फ्रैण्डस टावर, संजय प्लेस आगरा के दुग्ध प्रसंस्करण इकाई के विस्तारीकरण हेतु स्वीकृत अनुदान रू0-34.06 लाख (रूपया चौंतीस लाख छः हजार मात्र) के सापेक्ष द्वितीय किस्त रू0-17.03 लाख (रूपया सत्रह लाख तीन हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृत के प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई है।

3. उक्त संस्तुति के क्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-10 आयोजनागत पक्ष में राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन हेतु शासनादेश संख्या-24/2015/690/58-2-2015-300(14)/2014, दिनांक- 28/07/2015 द्वारा रू0-277397 हजार (रूपया सत्ताईस करोड तिहत्तर लाख सत्तानबे हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर अवमुक्त की गयी है।

4. उपलब्ध धनराशि में से संस्था को अनुदान की द्वितीय किस्त कुल धनराशि रू0-17.03 लाख (रूपया सत्रह लाख तीन हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :-

1- राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन की योजनान्तर्गत संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण/निदेशक मिशन द्वारा कराया जायेगा।

.....2/-

http://shasanadesh.up.nic.in

2- संस्था द्वारा संचालित योजना का स्थलीय निरीक्षण एवं भौतिक प्रगति निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण/निदेशक मिशन द्वारा किया जायेगा तथा उसकी मासिक आख्या शासन में उपलब्ध करायी जायेगी।

3- उक्त धनराशि का उपयोग/व्यय दिनांक 31.03.2016 से पूर्व कर लिया जायेगा तथा आडिटेड उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

4- स्वीकृत धनराशि का भुगतान करने से पूर्व वित्तीय नियमों/शासनादेशों तथा भारत सरकार के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5- धनराशि का व्यय किसी भिन्न प्रयोजन में नहीं किया जायेगा तथा उसी मद में किया जायेगा जिस हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है।

6- उक्त धनराशि के व्यय में किसी भी प्रकार की अनियमितता हेतु निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण/निदेशक, मिशन स्वयं तथा वित्त नियंत्रक उत्तरदायी होंगे।

7- भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों/वित्तीय नियमों/शासनादेशों का अनुपालन न किये जाने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता शिथिलता पाये जाने पर दी गई अनुदान की धनराशि की सुसंगत वसूली कर ली जायेगी तथा दोषी के विरूद्ध सुसंगत नियमों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

8- योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-ए-1-285/दस-2012-10(29)/2011टी0सी0-11, दिनांक- 29 मई, 2012 का पूर्णतः अनुपालन किया जायेगा।

9- योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-बी-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक-30 मार्च, 2015 में प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित निर्देशों/अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

10- निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा धनराशि व्यय से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होगा।

भवदीय,

(विजय प्रताप सिंह)
अनु सचिव।

संख्या-26/2015/1011(1)/58-2-2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) कार्यालय महालेखाकार लेखा-परीक्षा (प्रथम), सत्यनिष्ठा भवन, 15 थार्न हिल रोड,इलाहाबाद।

(2) संयुक्त सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

.....3/-

http://shasanadesh.up.nic.in

(3) आयुक्त/जिलाधिकारी, आगरा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से उक्त का सत्यापन कराकर शासन को सूचित करने का कष्ट करें।

(4) वित्त नियंत्रक, निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 लखनऊ।

(5) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0, लखनऊ।

(6) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

(7) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

(8) नियोजन अनुभाग-4 उ0प्र0 शासन।

(9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विजय प्रताप सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in